भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4115**
25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः- राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली**

**4115. श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः**

**श्रीमती भारती पारधीः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली के माध्यम से कीट निगरानी और प्रबंधन को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है;
(ख) यदि हां, तो देश भर में कीट प्रबंधन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इनसे अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं;
(ग) क्या सरकार कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए छह सूत्रीय कार्यनीति का कार्यान्वयन कर रही है और यदि हां, तो इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं;
(घ) सरकार जमीनी स्तर पर कृषि संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच प्रभावी समन्वय किस प्रकार सुनिश्चित करेगी;
(ङ) क्या जोखिम को कम करने और आय में वृद्धि करने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की फसलें उगाने तथा संबद्ध कृषि कार्यकलापों में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने की आवश्यकता है; और
(च) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं और कितनी सफलता प्राप्त हुई है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) और (ख) देश भर में कीट रोगों की निगरानी और प्रबंधन को बढ़ाने के लिए माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी द्वारा दिनांक 15 अगस्त, 2024 को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम) का शुभारंभ किया गया है। यह प्रणाली, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (ए.आई. और एम.एल.) जैसी नवीनतम डिजिटल तकनीकों का उपयोग करते हुए किसानों को रियल टाइम में फसल सुरक्षा सलाह जारी कर कीटों के हमलों, फसल रोगों, फसल क्षति आदि के बारे में त्वरित और तत्काल समाधान प्रदान करती है। इस प्रणाली में, कीटों की पहचान और रोग शमन के लिए एक यूजर-फ्रेंडली मोबाइल ऐप और पोर्टल भी शामिल हैं।

नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम का उपयोग देश भर के किसान 61 फसलों में कीटों और बीमारियों की पहचान करने तथा 15 प्रमुख फसलों जैसे कपास, धान, गेहूं, मक्का, अरहर, मूंग, सोयाबीन, गन्ना, बैंगन, टमाटर, सेब, केला, अंगूर, अनार के लिए कीट प्रबंधन सलाह प्राप्त करने हेतु कर रहे हैं। वर्तमान में

नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम, चार भाषाओं नामतः अंग्रेजी, हिंदी, मराठी और पंजाबी में उपलब्ध है। अब तक किसानों के लाभ के लिए नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम के माध्यम से 10,154 कीट प्रबंधन सलाह जारी की गई हैं।

(ग) से (च) सरकार ने किसानों के कल्याण और कृषि के विकास के लिए 06 सूत्रों वाली कार्यनीति तैयार की है। किसानों की आय बढ़ाने की कार्यनीतियों में फसल उत्पादकता में सुधार, उत्पादन की लागत में कमी, कृषि विविधीकरण, सतत कृषि के लिए जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन और किसानों के नुकसान की भरपाई शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने केंद्र और राज्य सरकारों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने और जमीनी स्तर पर कृषि चुनौतियों का समाधान करने तथा किसानों को विभिन्न प्रकार की फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम तैयार किए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं/कार्यक्रमों की सूची **अनुबंध-I** पर संलग्न है।

**अनुबंध-I**

<u>कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं/कार्यक्रमों की सूची</u>

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-के.एम.वाई.)
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पी.एम.एफ.बी.वाई.)/रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आर.डब्ल्यू.बी.सी.आई.एस.)
4. संशोधित ब्याज छूट योजना (एम.आई.एस.एस.)
5. एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (ए.आई.एफ.)
6. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) का गठन और संवर्धन
7. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एन.बी.एच.एम.)
8. नमो ड्रोन दीदी
9. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एन.एम.एन.एफ.)
10. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
11. स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए एग्री फंड (एग्रीश्योर)
12. प्रति बूंद अधिक फसल (पी.डी.एम.सी.)
13. कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एस.एम.ए.एम.)
14. परम्परागत कृषि विकास योजना (पी.के.वी.वाई.)
15. मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (एस.एच. एंड एफ.)
16. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आर.ए.डी.)
17. कृषि वानिकी
18. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सी.डी.पी.)
19. कृषि विस्तार उप-मिशन (एस.एम.ए.ई.)
20. बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एस.एम.एस.पी.)
21. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एन.एफ.एस.एन.एम.)
22. इंटीग्रेटेड स्कीम फ़ॉर एग्रीकल्चर मार्केटिंग (आई.एस.ए.एम.)
23. समेकित बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.)
24. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एन.एम.ई.ओ.)- ऑयल पाम
25. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एन.एम.ई.ओ.)- तिलहन
26. पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
27. डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन
28. राष्ट्रीय बांस मिशन

*****